**भारत सरकार**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या. 3496**

**(जिसका उत्तर सोमवार, 20 दिसंबर, 2021/29 अग्रहायण, 1943 (शक) को दिया गया)**

**एमसीए-21 पोर्टल की शुरुआत**

**3496. श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः**

**श्री बिद्‌युत बरन महतोः**

**श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः**

**श्री प्रतापराव जाधवः**

**श्री सुधीर गुप्ताः**

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का एमसीए-21 पोर्टल का संस्करण-3 शुरू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त पोर्टल का परीक्षण पूरा कर लिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त पोर्टल के नए/अद्‌यतन संस्करण के प्रमुख घटकों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने एमसीए-21 के संस्करण-3 के भाग के रूप में कोई एमसीए प्रयोगशाला स्थापित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या मंत्रालय ने उक्त प्रयोजन के लिए कोई निधि आवंटित या जारी की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(राव इंद्रजीत सिंह)**

(क से ग): जी, हाँ। एमसीए21 के संस्करण 3 को चरणों में लॉन्च और प्रसारित करने का प्रस्ताव है और इसमें कंपनी और एलएलपी मॉड्यूल, ई-एडजुडिकेशन, ई- कंसलटेशन, ई-बुक, डाटा एनालिटिक्स द्‌वारा संचालित लर्निंग मैनेजमेंट और अनुपालन प्रबंधन प्रणाली, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग शामिल होंगी। विभिन्न मॉड्यूलों के विकास और परीक्षण की प्रक्रिया जारी है। ई-परामर्श, ई-बुक जैसे मॉड्यूल्स पहले ही लांच किए जा चुके हैं। संशोधित वेबसाइट के साथ मई 2021 में प्रसारित कर दिया गया है।

(घ): डाटा विश्लेषण में सुधार के लिए एमसीए लैब को एमसीए21 संस्करण 3 के भाग के रूप में स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है।

(ड.): सेवा प्रदाता को 78 महीने की अवधि के लिए एमसीए21 के विभिन्न मॉड्यूलों के कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव के लिए 639.36 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया जाना है।

****